भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1254
(09 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)

एनएसएपी के अंतर्गत निधियां

1254. श्री टी.आर.वी.एस.रमेश:
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अंतर्गत तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों को कितनी निधि का अंतरण किया गया है;
(ख) क्या जनवरी में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को किसी राशि का अंतरण लंबित है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): वर्ष 2020-21 के दौरान राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को 30936.37 लाख रु. और तमिलनाडु को 54158.24 लाख रु. की राशि आवंटित की गई थी। राज्यों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की गई आवश्यकताओं के आधार पर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए एनएसएपी के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को 30936.37 लाख रु. और तमिलनाडु को 32721.28 लाख रु. की राशि रिलीज की गई है।

******